आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 27.04.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा–प्रत्यक्ष बिक्री मॉडल आत्मनिर्भर भारत का सशक्त माध्यम।
- आयुष शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने कहा – प्रदेश में आयुष क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं, सरकार उत्तराखंड को "आयुष प्रदेश" के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयासरत।
- केंद्र सरकार ने कहा– देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य।
- और.. राजधानी देहरादून में गर्मी एवं लू के चलते आज सभी स्कूल, और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित।

**विजय पर्व**

प्रत्यक्ष बिक्री मॉडल आत्मनिर्भर भारत का सशक्त माध्यम बन रहा। ये बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल गुरुग्राम में आयोजित AWPL के "विजय पर्व" द्वारा आयोजित कार्यक्रम के संबोधन के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान डायरेक्ट सेलिंग मॉडल के माध्यम से अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहा है, जिससे ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं और लाखों लोगों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को "जॉब सीकर" के बजाय "जॉब क्रिएटर" बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, और डायरेक्ट सेलिंग मॉडल इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और क्षमताओं को निखारने का भी अवसर प्रदान करता है।

श्री धामी ने युवाओं एवं मातृशक्ति की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं इस प्रकार के प्लेटफॉर्म के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं और समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही हैं।

**प्रेस वार्ता**

आयुष शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने कहा है कि उत्तराखंड में आयुष क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार इसे "आयुष प्रदेश" के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

नई टिहरी के चंबा के दिखोलगांव में आयोजित प्रेसवार्ता में श्री कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार राज्य के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने हा कि आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तेजी से सुरक्षात्मक और निर्माण कार्य किए जा रहे हैं तथा अधिकारियों को आपदा पूर्व तैयारी और प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को पहली बार आयुष सेवाओं से जोड़ा गया है और यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ावों पर आयुष चिकित्सकों की तैनाती की गई है।

**मन की बात**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल राजधानी देहरादून में बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें संस्करण को सुना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री समाज के विभिन्न वर्गों के प्रेरक कार्यों, नवाचारों, स्टार्टअप, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण एवं लोक संस्कृति से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से सामने रखते हैं, जिससे लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

**निर्दे"ा**

हरिद्वार में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने प्रमाण पत्रों के निर्गमन की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को समय पर सेवाएं मिल सकें। सीएचसी सेंटरों के माध्यम से जारी आधार कार्ड और अन्य प्रमाण पत्रों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने को कहा गया।

इसके अलावा आपदा प्रबंधन के अधिकारियों को अपने क्षेत्रों के जलभराव वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने को कहा।

## घरेलू एलपीजी

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और कल 51 लाख आठ हजार से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का वितरण किया गया।

## स्कूल बंद

देहरादून में भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने आज सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रखने का आदेश दिया है। यह निर्णय मौसम विभाग की चेतावनी के बाद लिया गया है, जिसमें अत्यधिक तापमान के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका जताई गई है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर ज़िले के सभी सरकारी, गैर–सरकारी और निजी विद्यालयों के साथ–साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन का कहना है कि गर्मी के कारण बच्चों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन तक राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जिलो में कहीं–कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश और 4000 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वालों स्थानो पर बर्फबारी की संभावना व्यक्त की है।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश सरकार की ओर से संचालित चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में स्थापित यात्री पंजीकरण केंद्र पर श्रद्धालुओं का पंजीकरण निरंतर जारी है। पंजीकरण के दसवें दिन कुल 2 हजार 7 सौ 76 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया।

इस बीच राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अब तक श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में 02 लाख 38 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने दर्शनों का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

उधर चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस बल से संवाद कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लिया तथा आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए।

## जनगणना

हरिद्वार में जनगणना–2027 के अंतर्गत प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य जिले में शनिवार शुरू हो गया, जो आगामी 24 मई तक संचालित किया जायेगा।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिले में जनगणना का कार्य पारदर्शिता एवं सफलतापूर्वक के साथ सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य के लिए तैनात किए गए पर्यवेक्षको व प्रगणको द्वारा किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए।

श्री दीक्षित ने बताया कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्व सम्पन्न कराने के लिए 2944 प्रगणक एवं 478 पर्यवेक्षक तैनात किए गए है।

जिलाधिकारी ने जिले की जनता से जनगणना कर्मिको का सहयोग करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध करते हुए इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी स्थित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस करेस्पोडेंट्स में हुई गोलीबारी की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ सचित्र प्रकाशित किया है।

इस खबर पर दैनिक की सुर्खी है– ट्रंप की डिनर पार्टी में ताबड़तोड़ फायरिंग, हमलावर दबोचा,

भारतीय फोटोग्राफर रघुराय के निधन पर अमर उजाला ने लिखा–नहीं रहे तस्वीरों से दुनिया को भारत दिखाने वाले रघु राय।

मौसम से जुड़ी खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया– दैनिक जागरण की हैडिंग है–देहरादून में अप्रैल में गर्मी ने तोड़ा 17 साल का रिकार्ड।

हिन्दुस्तान की सुर्खी– उत्तराखंड में गर्मी के तेवर तीखे, पहाड़–मैदान तपे।